बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-119
05/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में कटिहार जिले की समीक्षात्मक बैठक की

**पटना, 05 फरवरी 2022 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में कटिहार जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में विकास भवन, सभागार, कटिहार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में सांसदगण एवं विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी श्री उदयन मिश्रा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना एवं जीविका समूह के गठन के संबंध में अद्यतन जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभ से कोई वंचित न रहे, इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के मामले पेंडिंग न रहें, इस पर नजर रखें। बाल हृदय योजना का लाभ जरूरतमंदों को मिले, इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हर घर नल का जल योजना के माध्यम से सभी को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है और उपयोग किए गए जल का सोख्ता के माध्यम से ठीक ढंग से प्रबंधन कराएं ताकि पानी इधर–उधर न फैले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दियर इलाके में जो बसावट हैं, वहां संपर्क पथ ठीक कराएं। शहर में आवागमन को आसान बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने जो सुझाव दिए हैं, उस पर गौर करें।

जिलाधिकारी श्री उदयन मिश्रा ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

समीक्षा बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री सह कटिहार जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, सांसद श्री दुलालचंद गोस्वामी, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, सांसद श्री अशफाक करीम सहित अन्य विधायकगण, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री सुरेश प्रसाद चौधरी, जिलाधिकारी कटिहार श्री उदयन मिश्रा, पुलिस अधीक्षक कटिहार श्री जितेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******